भारत सरकार

पोत परिवहन मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. **2057** जिसका उत्तर

मंगलवार, **22 सितंबर**, 2020/31 भाद्रपद, 1942 (शक) को दिया जाना है

शिपिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एससीआई) की बिक्री

†2057. श्री बिद्युत बरन महतो :

श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक :

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे :

क्या **पोत परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने शिपिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एससीआई) को बेचने का निर्णय लिया है;

(ख) यदि हां, तो पत्तन-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और कितना प्रतिशन हिस्सा बेचा जाएगा;

(ग) क्या सरकार ने एससीआई की सभी आस्तियों के मूल्यांकन हेतु परिसंपत्ति मूल्यांकनकर्ताओं को नियुक्त किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या परिसंपत्ति मूल्यांकनकर्ताओं ने सरकार को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार एससीआई में विनिवेश करने से पूर्व कर्मचारी संघों सहित सभी अंशधारकों से परामर्श करेगी और यदि हां, तो इस संबंध में अंशधारकों की प्रतिक्रिया क्या है; और

(च) इसके विनिवेश को कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

उत्तर

पोत परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री मनसुख मांडविया)

(क) से (च): दिनांक 20.11.2019 को आयोजित अपनी बैठक में सीसीईए ने एससीआई के प्रबंधन नियंत्रण को किसी कार्यनीतिक क्रेता को अंतरित करने सहित एससीआई में भारत सरकार की 63.75% हिस्सेदारी के कार्यनीतिक विनिवेश के लिए 'सैद्धांतिक' अनुमोदन प्रदान किया है। भारतीय नौवहन निगम के कार्यनीतिक विनिवेश के लिए मैसर्स प्रोटोकॉल इंश्योरेंस सर्वेयर्स एंड लॉस एससर्स प्रा. लि. को संपत्ति मूल्यांकनकर्ता के रूप में नियुक्त किया गया है। लेन-देन की प्रक्रिया चल रही है।

*****